# स्वास्थ्य बीमा के लिए इस तरफ जाएं।

COVERED CALIFORNIA

## चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका

## हमने आपको कवर कर लिया है।

ब्रांड-नाम जीवन बीमा योजनाओं की तुलना करने, खरीद पाने और नामांकन करने में कैलिफोर्निया वासियों की मदद करने के लिए Covered California का निर्माण किया गया था। इसमें नामांकित होने वाले अधिकांश लोगों को आर्थिक मदद मिलती है, और सबको एक समान, और अच्छी गुणवत्ता वाला कवरेज देने की गारंटी दी जाती है।

## हम यहाँ आपकी मदद करने के लिए ही हैं।

नामांकन प्रक्रिया के दौरान कभी भी मदद की जरूरत पड़ने पर, 800.300.1506 (अंग्रेजी) पर कॉल करें या वेबसाइट CoveredCA.com पर जाएं। हम 14 भाषाओं में और जिन लोगों को सुनने में तकलीफ होती है उन लोगों के लिए ऑनलाइन, व्यक्तिगत रूप से, और फोन पर मुफ्त में विशेषज्ञ सहयोग प्रदान करते हैं।

## पहला चरण। पता करें कि आप स्वास्थ्य बीमा का भुगतान करने के लिए मदद पाने के योग्य हैं या नहीं।

**आप अपनी योजना के लिए कम से कम $0/महीना दे सकते हैं, और आपको हमारे बेंचमार्क सिल्वर प्लान के लिए अपनी आय का 8.5% से अधिक देना नहीं पड़ेगा। आप कम लागत या बिना लागत वाले Medi-Cal की सुविधा पाने के योग्य भी हो सकते हैं।**

हमारे calculator tool (in English), की मदद से अपने मासिक भुगतान का अनुमान लगाने हेतु QR कोड स्कैन करें अथवा CoveredCA.com/#quick-calculator पर जाएं

# चरण-दर-चरण
# स्वास्थ्य बीमा सम्बन्धी मार्गदर्शिका।

## दूसरा चरण। अपने कवरेज सम्बन्धी विकल्पों के बारे में पता करें।

Covered California चार स्तर का कवरेज प्रदान करता है:
ब्रोंज़, सिल्वर, गोल्ड और प्लैटिनम। बीमा कंपनियां कवर्ड सेवाओं के एक हिस्से का भुगतान करती हैं, और प्रत्येक स्तर के तहत प्रदान किए जाने वाले लाभ, एक समान होते हैं चाहे आप किसी भी बीमा कंपनी का चयन करें।

**प्लैटिनम** या **गोल्ड** चुनने पर, आपको ज्यादा मासिक प्रीमियम देना होगा, लेकिन जरूरत पड़ने पर चिकित्सा सेवाओं के लिए कम पैसे देने पड़ेंगे।

**सिल्वर** या **ब्रोंज़** चुनने पर, आपको कम मासिक प्रीमियम देना होगा, लेकिन जरूरत पड़ने पर चिकित्सा सेवाओं के लिए ज्यादा पैसे देने पड़ेंगे।

30 साल से कम उम्र के लोगों के लिए, या 30 साल या उससे अधिक उम्र के उन लोगों के लिए **न्यूनतम कवरेज योजना** की व्यवस्था की गई है, जिन्हें अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग की तरफ से मुश्किल छूट मिली है।

**CoveredCA.com पर जाएं और यह जानने के लिए “खरीदें और तुलना करें” का चयन करें कि कौन-कौन सी ब्रांड-नाम स्वास्थ्य योजनाएं आपके लिए सही हैं।**

### मेटल टियर द्वारा 2025 मानक कवरेज लाभ

| मुख्य लाभ | ब्रोंज़<br>औसत वार्षिक खर्च का 60% कवर करता है | सिल्वर (CSR)<br>औसत वार्षिक खर्च का न्यूनतम 73% कवर करता है* | गोल्ड<br>औसत वार्षिक खर्च का 80% कवर करता है | प्लैटिनम<br>औसत वार्षिक खर्च का 90% कवर करता है |
|---|---|---|---|---|
| व्यक्तिगत / पारिवारिक कटौती योग्य धनराशि | $5,800 / $11,600 | कोई कटौती योग्य धनराशि नहीं | कोई कटौती योग्य धनराशि नहीं | कोई कटौती योग्य धनराशि नहीं |
| वार्षिक निवारक देखभाल दौरा | कोई लागत नहीं | कोई लागत नहीं | कोई लागत नहीं | कोई लागत नहीं |
| प्राथमिक देखभाल दौरे का सह-भुगतान | $60 | $35 | $35 | $15 |
| अत्यावश्यक देखभाल दौरे का सह-भुगतान | $60 | $35 | $35 | $15 |
| आपातकालीन कमरे का सह-भुगतान | 40%** | $350 | $330 | $150 |
| जेनेरिक दवा का सह-भुगतान | $19 | $15 | $15 | $7 |
| एक व्यक्ति के लिए जेब से खर्च होने वाली अधिकतम वार्षिक धनराशि | $8,850/वर्ष | $6,100/वर्ष | $8,700/वर्ष | $4,500/वर्ष |
| परिवार के लिए जेब से खर्च होने वाली अधिकतम वार्षिक धनराशि* | $17,700/वर्ष | $12,200/वर्ष | $17,400/वर्ष | $9,000/वर्ष |

इस चार्ट में सभी चिकित्सा सह-भुगतान और सह-बीमा दरों का विवरण शामिल नहीं है। सम्पूर्ण जानकारी के लिए, CoveredCA.com पर जाएं।
*सिल्वर एकमात्र ऐसा स्तर है जहाँ आपकी लागत, आपकी घरेलू आय के आधार पर कम हो सकती है। इन योजनाओं को एन्हैंस्ड सिल्वर प्लान्स भी कहा जाता है।
**कटौती योग्य धनराशि के बाद 40% से लेकर हर साल जेब से खर्च होने वाली अधिकतम धनराशि तक।

## तीसरा चरण। आपको क्या नामांकित करने की जरूरत है।

कवरेज के लिए आवेदन करने वाले घर के प्रत्येक सदस्य को निम्नलिखित जानकारी देनी होगी:

- **घर का ज़िप कोड**
- **जन्म-तिथि**
- **वर्तमान घरेलू आय का प्रमाण***
- **कैलिफोर्निया ID या ड्राइविंग लाइसेंस**
- **सामाजिक सुरक्षा नंबर या व्यक्तिगत भुगतानकर्ता पहचान नंबर, यदि आपके पास इनमें से कोई है**
- **नागरिकता या न्यायसंगत मौजूदगी का प्रमाण (जैसे, अमेरिकी पासपोर्ट, नागरिकता प्रमाणपत्र या प्राकृतिकीकरण दस्तावेज़, या ग्रीन कार्ड, या कोई मान्य वीज़ा)****

## क्या मुझे जीवन बीमा लेने की जरूरत है?

कैलिफोर्निया में, अधिकांश लोगों को वैधानिक रूप से कोई स्वास्थ्य बीमा लेना या टैक्स पेनाल्टी का भुगतान करना जरूरी होता है। यदि आपके पास कोई स्वास्थ्य बीमा नहीं है तो अपनी दी जा सकने वाली व्यक्तिगत सहभाजित जिम्मेदारी दंड का अनुमान लगाने के लिए, फ्रैंचाइज़ी टैक्स बोर्ड की वेबसाइट www.ftb.ca.gov पर जाएं।

## HMOS, PPOS और EPOS के बारे में जानना

अधिकांश बीमा कंपनियां तीन प्रकार की योजनाएं प्रदान करती हैं:

### "HMOs"

हेल्थ मेंटेनेंस ऑर्गनाइजेशंस, योजना के नेटवर्क के भीतर केवल चिकित्सा सेवाओं को कवर करते हैं। HMOs के लिए सदस्यों को अक्सर किसी विशेषज्ञ से मिलने हेतु अपने प्राथमिक देखभाल डॉक्टर का रेफरल लेना पड़ता है।

### "PPOs"

प्रिफर्ड प्रोवाइडर ऑर्गनाइजेशंस, योजना के नेटवर्क के भीतर और बाहर दोनों जगहों पर चिकित्सा सेवाओं के लिए भुगतान करते हैं, लेकिन सदस्यों को आउट-ऑफ़-नेटवर्क देखभाल के लिए ज्यादा खर्च का भुगतान करना पड़ता है। इसमें किसी विशेषज्ञ से मिलने हेतु रेफरल की जरूरत नहीं पड़ती है।

### "EPOs"

एक्सक्लूसिव प्रोवाइडर ऑर्गनाइजेशंस, आम तौर पर योजना के नेटवर्क के बाहर होने वाली देखभाल को कवर नहीं करते हैं, लेकिन इसमें सदस्यों को इन-नेटवर्क विशेषज्ञ से मिलने के लिए किसी रेफरल की जरूरत नहीं भी पड़ सकती है।

यहाँ इस बात पर ध्यान देना जरूरी है कि सभी HMOs, PPOs और EPOs एक समान नहीं होते। कोई भी योजना चुनने से पूर्व, कौन-कौन से डॉक्टर एवं अस्पताल को कवर किया जाता है और आउट-ऑफ़-नेटवर्क डॉक्टर से मिलने में कितना खर्च आएगा, के बारे में जानकारी पाने हेतु CoveredCA.com पर जाकर शॉप एंड कम्पेयर टूल का उपयोग करें।

*टैक्स परिवार के सभी सदस्यों की वर्तमान आय का प्रमाण, जैसे कोई हालिया टैक्स रिटर्न, W-2, या वेतन पर्ची। किसी आश्रित की आय को सिर्फ तभी शामिल किया जाना चाहिए जब उसकी आय, टैक्स रिटर्न फ़ाइल करने योग्य हो। परिवार के सदस्य को उस व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया जाता है जो प्राथमिक टैक्स फाइलर और सभी आश्रितों के रूप में टैक्स फ़ाइल करता है जिसे उस व्यक्ति के टैक्स पर क्लेम किया गया है। यदि आप टैक्स फ़ाइल नहीं करते हैं, तब भी आप Medi-Cal के माध्यम से मुफ्त या कम लागत वाली बीमा पाने के योग्य हो सकते हैं।
**यदि आप योग्य नहीं हैं तब भी आप अपने योग्य बच्चे या जीवनसाथी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

Covered California complies with applicable Federal civil rights laws and does not discriminate on the basis of race, color, national origin, age, disability, or sex.
Atención: si habla español, tiene a su disposición servicios gratuitos de asistencia lingüística. Llame al 1.800.300.0213 (TTY: 1.888.889.4500).
注意：如果您使用繁體中文，您可以免費獲得語言援助服務。請致電 1.800.300.1533 (國語)，1.800.339.8938 (粵語) (TTY 1.888.889.4500)。

## Covered California के माध्यम से आपकी सुरक्षा

अफोर्डेबल केयर एक्ट (ACA) के एक भाग के रूप में,
Covered California निम्नलिखित गारंटी देता है कि —

- पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याएँ, किसी व्यक्ति को स्वास्थ्य कवरेज पाने से रोक नहीं सकती हैं।
- आपके बीमार या घायल होने के कारण आपकी योजना को रद्द नहीं किया जा सकता है। सभी योजनाओं में नि:शुल्क निवारक देखभाल शामिल हैं।
- सभी योजनाओं में नि:शुल्क निवारक देखभाल शामिल हैं।
- नौजवान वयस्कों को 26 साल की उम्र तक उनके माता-पिता की योजना के तहत कवरेज मिल सकता है।
- अप्रवासन/नागरिकता की स्थिति समेत, सभी गुप्त जानकारियों को गोपनीय रखा जाता है।

## चौथा चरण। एक अकाउंट बनाएं और नामांकन करें।

CoveredCA.com में अपनी योजना को नामांकित करें। बस एक यूज़र अकाउंट बनाएं और तीसरे चरण में दी गई जानकारी की मदद से नामांकन प्रक्रिया का अनुसरण करें।

## पांचवां चरण। अपने प्रीमियम का भुगतान करें।

आपका कवरेज जारी रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए समयानुसार अपने मासिक प्रीमियम का पूरा भुगतान करें। प्रीमियम भरने में विफल होने पर आपका स्वास्थ्य कवरेज बाधित हो सकता है या रद्द भी हो सकता है।

### नामांकन खुला है

## 1 नवम्बर — 31 जनवरी तक

Medi-Cal और विशेष नामांकन की सुविधा सालों भर उपलब्ध रहती है। विशेष नामांकन, कैलिफ़ोर्निया वासियों को किसी योग्य जीवन घटना के 60 दिनों के भीतर कवरेज प्राप्त करने की अनुमति देता है, जैसे कि स्वास्थ्य बीमा खोना, परिवार के आकार में बदलाव, या कैलिफ़ोर्निया में या उसके भीतर किसी और स्थान पर जाना।

विशेष नामांकन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए, **CoveredCA.com/special-enrollment** पर जाएं।

## मदद चाहिए?

यदि आपके कोई सवाल हैं अथवा नि:शुल्क, स्थानीय, व्यक्तिगत तौर पर कोई मदद चाहते हैं, तो निम्नलिखित से संपर्क करें:

**CoveredCA.com | 800.300.1506 (अंग्रेज़ी)**

@

\# CA License/Cert No.

HIN-1024